आरोप

निवास-सिमरिया मार्ग पर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति, गड्ढों में तब्दील हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, साइड शोल्डर भरने और डामरीकरण की मांग

बदहाल सड़क से ग्रामीण व राहगीर परेशान

नारायणगंज/ निवास, नवभारत। निवास से फूलसागर मुख्य मार्ग होते हुए सिमरिया तक पहुँचने वाला मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित इस सड़क पर वर्तमान में मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

उप सरपंच राजेन्द्र सिंह कुलस्ते ने बताया कि निवास से फूलसागर पहुँच मार्ग में बहुत गड्ढे है कुछ हिस्से में नाम मात्र का डामलीकरण कर दिया गया। मार्ग के साईड सोल्डर भी नही भरे गये है रोड के साईड में कुछ स्थानों में मुर्रम के ढेर लगा दिया गया है, जिसे फैलाया नही गया है। जिसके कारण स्थानीयजनों और राहगीरों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गड्ढों के कारण आवागमन में जोखिम

क्षेत्र के सरपंच रूप सिंह पंद्राम ने सड़क की दुर्दशा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर खाली पड़े हैं, जिन्हें मुरम डालकर नहीं भरा गया है। इसके चलते आए दिन वाहनों के अनियंत्रित होने और दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा की जा रही सतही मरम्मत से समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सरपंच और ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से मांग की है कि मार्ग का मरम्मतीकरण कार्य और साइड शोल्डर को तत्काल मुरम से भरकर व्यवस्थित किया जाए, जिससे क्षेत्र का आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गुणवत्तापूर्ण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए विवश होंगे।

बिरयानी सेंटर से 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

नैनपुर। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं एसडीएम नैनपुर के कुशल निर्देशन में खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने नैनपुर नगर में होटलों और ढाबों में लंबे समय से चल रही गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की है।

प्रशासनिक टीम ने नैनपुर कांजी हाउस के पास, मेन रोड स्थित कादरी बिरयानी सेंटर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रतिष्ठान में नियमों को ताक पर रखकर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा था। मौके पर कुल 5 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से उपयोग होते पाए गए। अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से पांचों सिलेंडरों को जप्त कर लिया और मौके पर ही नियमानुसार जप्ती पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही संचालक को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में केवल व्यावसायिक सिलेंडरों का ही उपयोग करें। इस कार्रवाई से नगर के अन्य होटल संचालकों में हड़कंप का माहौल है।

टीईटी पास करने मिल सकता है अतिरिक्त समय, आयुक्त ने कहा-न्यायालय के साथ परीक्षा की तैयारी पर भी दें ध्यान

शिक्षकों के संकट पर ट्राइबल कमिश्नर गंभीर

अंजनिया। ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर और हीरानंद नरवरिया के नेतृत्व में जनजाति कार्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी से मुलाकात की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय से प्रभावित विभाग के 40 हजार शिक्षकों के भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त राठी ने शिक्षकों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि शासन इस विषय पर सहयोग करेगा, साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक पुनर्विचार याचिका के साथ-साथ पात्रता परीक्षा की तैयारी भी जारी रखें।

मुलाकात के दौरान एसोसिएशन ने उच्च माध्यमिक शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची तत्काल जारी करने की मांग की। साथ ही, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की रुकी हुई वरिष्ठता सूचियों को लेकर भी अपनी बात रखी। संगठन ने उन शिक्षकों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जिनकी परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के आदेश अब तक लंबित हैं। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जबलपुर संभाग सहित अन्य जिलों से प्रस्ताव क्यों नहीं आए, इसकी वे स्वयं समीक्षा करेंगे।

समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

आयुक्त तरुण राठी ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठता सूची का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन से उन जिलों और संभागों की सूची मांगी है जहाँ शिक्षकों के कार्य रुके हुए हैं। पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी की व्यस्तता के बावजूद आयुक्त ने शिक्षकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना, जिसके लिए एसोसिएशन ने उनका आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधि मंडल की प्रमुख मांगें

ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने बताया कि आयुक्त से चर्चा के दौरान उन्हें प्रमुख मांगे बताई गई है। जिसमें 40 हजार प्रभावित शिक्षकों के लिए पुनर्विचार याचिका में विभाग का सहयोग। उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन के साथ लंबित परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश तत्काल जारी करने की मांगे प्रमुख है।

भंवरदा के प्रेमपुर में प्राचीन देवस्थल पर मूर्ति स्थापना का विरोध

जनजातीय समाज ने कहा- परंपराओं से नहीं हो खिलवाड़, समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

बीजाडांडी। ग्राम पंचायत भंवरदा के अंतर्गत ग्राम प्रेमपुर में स्थित प्राचीन जनजातीय आस्था केंद्र खेरोदई स्थल के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ को लेकर विवाद गहरा गया है। जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों ने इस मामले में कड़ा विरोध जताते हुए जनपद पंचायत बीजाडांडी के अध्यक्ष एवं सीईओ के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा है।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि ग्राम प्रेमपुर का खेरोदई स्थल सदियों से जनजातीय समुदाय की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र रहा है। यहाँ पीढ़ियों से बाना परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की जा रही है। आरोप है कि कुछ गैर-जनजातीय व्यक्तियों द्वारा इस स्थल के मूल स्वरूप को बदलकर वहां विवादित मूर्ति स्थापित करने का प्रयास किया गया है, जिससे पूरे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

संवैधानिक अधिकारों के हनन का आरोप

जनजातीय प्रतिनिधियों का कहना है कि यह कृत्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13, अनुच्छेद 244, पांचवीं अनुसूची और पेसा एक्ट की भावनाओं के पूर्णत: विपरीत है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्रमुख मांगों के साथ दी चेतावनी

ज्ञापन के माध्यम से समाज ने शासन-प्रशासन से मांगें रखी हैं। जिसमें कहां गया है कि खेरोदई स्थल पर रखी गई विवादित मूर्ति को तत्काल हटाया जाए। धार्मिक स्थल के प्राचीन और मूल स्वरूप को यथावत सुरक्षित रखा जाए। परंपराओं से छेड़छाड़ करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई हो। जनजातीय समाज ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही उचित कदम नहीं उठाए, तो समाज अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बिछिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित

आगामी चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में सक्रियता से कार्य करने का लिया संकल्प

भुआ बिछिया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया है। इस संगठनात्मक विस्तार के साथ ही पार्टी ने आगामी चुनावों के लिए अपनी चुनावी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। कार्यकारिणी की घोषणा के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों को उनके अधिकारों और दायित्वों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नवनियुक्त नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शशांक गोस्वामी का कार्यकर्ताओं ने तिलक वंदन कर और कांग्रेस का गमछा पहनाकर भव्य स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी और वरिष्ठ नेता जोश सिंह ठाकुर ने पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा के साथ जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करना है।

बैठक में मेवा लाल धुर्वे, अशोक ज्योतिषी, मोहन पटेल, डमरू राजपूत, अक्षत झारिया सहित अनेक दिग्गज नेता मौजूद रहे। मंडलम अध्यक्षों में मेवा धुर्वे (औरई), चमन यादव (खटोला), जागृत मरावी (कोको), अंगद साहू (दानिटोला), श्याम आयाम (मेड़ताल) और रोशन भवेदी (देई) को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आगामी चुनावों में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

नशा मुक्ति, जल संरक्षण और जन भागीदारी का लिया संकल्प

नारायणगंज में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

नारायणगंज। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्था प्रगति जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड नारायणगंज के अंतर्गत चिरईडोंगरी और माड़ोगढ़ सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीय, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा और पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार झरिया और कमलेश पावले द्वारा किया गया।

समग्र ग्राम विकास की मिली सीख

प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने जन अभियान परिषद की भूमिका, संरचना और समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को समितियों के पंजीयन नियमों, नशा मुक्ति अभियान, जल संचयन और जन भागीदारी की कार्ययोजनाओं के बारे में बारीकी से समझाया। विकासखंड समन्वयक संतोष झरिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि एक सशक्त प्रस्फुटन समिति ही ग्राम के चहुंमुखी विकास की आधारशिला है। इस प्रशिक्षण में चिरईडोंगरी सेक्टर की समस्त प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष और सचिवों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, इंद्रा उइके, सुमित हथाले, सुरेश सोनी और सीएम इंटर्नशिप के छात्र देवलता की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में, सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और भविष्य में जनसेवा के कार्यों को और अधिक तत्परता से करने का संकल्प लिया गया।

ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते दूसरे दिन रुका वन भूमि का सर्वे

बिना ग्राम सभा की सहमति के सर्वे का आरोप, पेसा और वन अधिकार कानून के उल्लंघन पर भड़के ग्रामीण

नारायणगंज। चुटका परमाणु परियोजना के लिए आरक्षित एवं राजस्व वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को लेकर प्रभावित ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। 18 मार्च को एक बार फिर भारी पुलिस बल के साथ सर्वे करने पहुँचे राजस्व, वन विभाग और एनपीसीआईएल के अमले को ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके चलते टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

जानकारी अनुसार 16 मार्च को भी सर्वे का प्रयास किया गया था, जिसे ग्रामीणों ने रोक दिया था। इसके बाद 18 मार्च को जब टीम दोबारा पहुँची, तो चुटका, कुंडा और टाटीघाट के सैकड़ों महिला-पुरुष पहले से ही जंगल में मोर्चा संभाले हुए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन बिना ग्राम सभा की अनुमति के सर्वे कर रहा है, जो पेसा कानून का सीधा उल्लंघन है। आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अब गांव में बैठक और चर्चा के बाद ही आगामी कार्यवाही की जाएगी।

हक और अधिकारों की लड़ाई

चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादू लाल कुडापे ने बताया कि राज्य सरकार ने 2017 में ही 54.46 हेक्टेयर आरक्षित वन और 65 हेक्टेयर राजस्व वन को परियोजना के लिए परिवर्तित करने की मंजूरी दे दी है, लेकिन इसमें प्रभावित ग्राम सभाओं की सहमति नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि वन अधिकार कानून 2006 के तहत अभी तक व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का निराकरण नहीं हुआ है। चुटका और कुंडा गांव के दर्जनों काश्तकार वर्षों से इन जमीनों पर खेती कर जीवनयापन कर रहे हैं, जिन्हें अभी तक पट्टे (वन अधिकार पत्र) नहीं मिले हैं।

जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र बरकड़े सहित चुटका, कुंडा और टाटीघाट के अनेक ग्रामीण नेता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। मीरा बाई मरावी, सोना बाई और सरिता बाई सहित अन्य महिलाओं ने अपनी जमीन और जंगल बचाने के लिए दृढ़ संकल्प जताया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया, लेकिन स्पष्ट कर दिया कि बिना कानूनी प्रक्रिया और सहमति के कोई भी सर्वे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4 संभागों में की गई कुर्की की कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर के विकास कार्यों को गति देने और नगर निगम के खजाने को मजबूत करने के उद्देश्य से, नगर निगम जबलपुर के संभाग क्रमांक 2 कछपुरा, संभाग क्रमांक-7 अधारताल, संभाग क्रमांक-8 भानतलैया, संभाग क्रमांक-10 रांझी एवं संभाग क्रमांक 14 विजय नगर में बकाया करदाताओं के विरुद्ध एक बड़ा अभियान चलाया। संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह संभाग क्रमांक 2 ने बताया कि कमला नेहरू नगर वार्ड में अरुण कुमार शुक्ला पर बकाया राशि 87,200/- रूपये होने के कारण सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्यवाही की गयी वहीं जल शुल्क वसूली के दौरान नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गयी। महर्षि महेश योगी वार्ड में सम्पत्ति कुर्क करने नोटिस चस्पा किये गए एवं जल कर राशि जमा न करने पर नल कनेकशन काटने की कार्यवाही की गयी। इसके साथ साथ संभाग 8 भानतलैया के अंतर्गत हनुमानताल वार्ड में कलीमुल्ला पर 99,360, कुंवरलाल पर 1,93,960, काशीराम पर 80,631, मेसर्स मालपाणी मैन्यू फैक्चरिंग 1,91,251, मुन्ना लाल पर 80,715 एवं हाजी मो. युसुफ पर 72,015 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही की गयी।

बड़े डिफॉल्टरों के काटे नल कनेक्शन

संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने विभिन्न वार्डों में बकाया राशि न चुकाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कदम उठाए है। उन्होंने बताया कि महर्षि सुदर्शन वार्ड में हजारों रुपयों का बकाया होने पर कई बड़े डिफॉल्टरों के नल कनेक्शन काट दिए गए। शहीद भगत सिंह वार्ड में बड़े बकायादारों के घरों के बाहर कुर्की के पोस्टर चस्पा किए गए, ताकि जनता में कर भुगतान के प्रति जागरूकता बढ़े। चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 96,070 जैसे बड़े बकाया पर निगम ने न केवल कुर्की का पोस्टर लगाया, बल्कि संपत्ति की तालाबंदी भी की। वहीं संभाग क्रमांक 14 विजय नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 ईदन दास मालगानी पता - मेन रोड आई.टी.आई. जिसमें बकाया राशि 71,554 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही की गई।